THE LEADER OF THE HOUSE (SHRI JASWANT SINGH): Madam, on behalf of the Government, I would like to assure all the hon. Members who have raised this issue that this is a subject that the Government of India has taken up already. We have considered it as a very important aspect of Indo-Sri Lankan relations. There is also the very important aspect of fishing rights in those territorial waters. Now, we will, definitely -- I would like to assure the hon. Members -- take up this with the appropriate authority and in an appropriate fashion with the Government of Sri Lanka and the arrangements will be made for the earliest possible release of the fishermen that are now under custody, as also the release of boats, etc. I would like to assure this to the House. Thank you.

MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS

प्रधानमंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी): महोदया, इससे पहले मैं डा. लक्ष्मीमल्ल सिंघवी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के पक्ष में अपने विचार प्रकट करूं , मैं आपकी अनुमति से क्वालालम्पुर में हुए गुट–निरपेक्ष राष्ट्रों के सम्मेलन मे हुए भाषण को सभापटल पर रखना चाहूंगा।

महोदया, गुट-निरपेक्षता की क्या प्रासंगिकता है, क्या उपयोगित है, इस पर चर्चा होती रही है। हमारा स्पष्ट मत है कि गुटनिरपेक्ष आंदोलन अभी भी प्रासंगिक है, उपयोगी है और विश्व की व्यवस्था को शांतिपूर्ण और न्यायपूर्ण बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। "नेम" के सदस्य राष्ट्रों की भी यही राय है। क्वालालम्पुर में एक सौ सोलह राष्ट्रों का सम्मेलन , उनमें गंभीर विचार-विनिमय, एक मत से निर्णयों का लिया जाना, इस बात का संकेत है कि गुटनिरपेक्ष आंदोलन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में समर्थ है। निस्संदेह विश्व में एक नई परिस्थिति पैदा हुई है। शीत युद्ध समाप्त हो गया है और विश्व को बहुध्रवीय बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता होगी इसीलिए यह तय हुआ कि गुट निरपेक्ष आंदोलन को हम और शक्तिशाली करें। उसको परिभाषित करे और उसके द्वारा युद्ध और शंति के साथ –साथ ऐसे सवाल उठाएं जिनका गुटनिरपेक्ष राष्ट्रों के साथ संबंध है। इस संबंध में वहां क्वालालम्पुर में एक विशेष पहल की गई , जिसका मैं उल्लेख करना चाहूंगा। हम साउथ-साउथ को क्रोआपरेशन की बात करते हैं। हम नार्थ –साउथ कन्फ्रन्टेशन की बात भी करते हैं लेकिन इससे समस्या का समाधान नही होगा। साउथ-साउथ का तो सहयोग होना चाहिए लेकिन जब हम नॉर्थ से संबंध रखना चाहते हैं तो संबंध मुठभेड़ के संबधों मे बदल जाते हैं। ऐसा लगता है कि उत्तर एक ओर खड़ा है, दक्षिण एक ओर खड़ा है। क्वालालपुर में यह विचार हुआ कि हमें ऐन्गेजमेन्ट की भाषा बोलनी चाहिए। जैसे साउथ-साउथ के देश आपस में एक – दूसरे के साथ सहयोग कर सकते हैं, और करना चाहिए । उसी प्रकार से साउथ और नॉर्थ के बीच में भी आदान-प्रदान होना चाहिए। सहयोग के रास्ते खुलने चाहिए। जहां मतभेद हैं वे मतभेद हैं वे मतभेद स्पष्ट रूप से सामने आएंगे। उनके

निराकरण का प्रयास किया जाता है । गुटनिरपेक्ष आंदोलन उसमें अपनी भूमिका अदा कर सकता है । विकासशील देशों की अर्थिक और सामजिक समस्याओं में काफी समानता है । हम एक –दूसरे को ...(व्यवधान) करते हैं और एक –दूसरे को बहुत-कुछ सहयोग भी दे सकते हैं ।प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा के भाषण से मैं काफी प्रभावित रहा । ये थाइलैण्ड के प्रधानमंत्री हैं । ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी को कम करने के लिए और रोजगार को बढ़ाने के लिए थाइलैण्ड ने वन विलेज, वन प्रोडक्ट जैसे कुछ कारगर प्रयोग उपयोग किए हैं । कुछ अच्छे प्रयोग बंगलादेश में भी हुए हैं । भारत उन प्रयोंगों का लाभ उठा सकता हैं लेकिन यह जरूरी है कि एक-दूसरे के प्रयोगों के बारे में आपस में सूचना दी जाए । किस देश में कहां क्या हो रहा है । सबके सामने गरीबी की समस्या हैं । उससे किस तरह से लड़ा जाए । अभी सूचना के आदान-प्रदान का भी कोई प्रबंध नहीं है । यह बहुत आवश्यक है । इस पर बल दिया गया है । जहां तक भारत का संबंध है तो हमने क्वालालम्पुर में यह सुझाव रखा है कि ग्लोबल पॉवर्टी एलिविएशन फंड स्थापित किया जाए । उसमें अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय बाजार में होने वाली धनराशि के विनियम पर एक छोटा सा कर लगाकर ऐसा फंड बनाया जा सकता है जो गरीब देशों के काम आ सकता है । वे इसका लाभ उठा सकते हैं । मैं चाहूंगा कि गुटनिरपेक्ष सम्मेलन की उपलब्धियों के बारे में या उसकी कमियों के बारे में सदन में चर्चा हो । विद्वान सदस्य अपनी-अपनी राय से हमें लाभान्वित करें । एक और प्रश्न चर्चा के दौरान उठाया गया जो कि जम्मू – कश्मीर का प्रश्न था । विरोधी दल के नेता डा. सिंह ने इस मामले को उठाया । उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता प्रकट की कि वहां चुनाव हुए और उससे सभी लोग प्रसन्न हैं । यह बात अलग है कि जब दो साल पहले चुनाव की बात हुई थी तो बड़ी निराशाज़नक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई थी, जब हमने कहा कि हम चुनाव कराना चाहते हैं और विश्वास दिलाया कि हम निष्पक्ष चुनाव कराना चाहते हैं तो लोगों के मन में संदेह थे । वर्षो की पृष्ठभूमि के कारण ये सदेंह हों यह स्वाभाविक भी है । लेकिन सरकार का निश्चय पक्का था । समय पर चुनाव हुए और निष्पक्ष चुनाव हुए । सारे संसार ने उन चुनावों की तारीफ की है । इन चुनावों की तारीफ की है । इन चुनावों के साथ हुए । सारे संसार ने उन चुनावों की तारीफ की है । इन चुनावों के साथ जम्मू-कश्मीर में और जम्मू-कश्मीर के इतिहास में एक नए अध्याय का श्री गणेश हो गया हैं । कुछ सदस्यों ने कहा और डा.मनमोहन सिंह का भी उसमें उल्लेख है कि अब जम्मू-कश्मीर सरकार को केन्द्र की ओर से सहायता दी जानी चाहिए या जिसका एलान किया गया है वह सहायता मिलनी चाहिए । मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि जम्मू-कश्मीर के बारे में अब वे गलतियां नहीं होंगी जो गलतियां पहले हो चुकी हैं । जब मैं कहता हूं कि नए अध्याय का श्री गणेश हुआ है तो नया अध्याय हर क्षेत्र में खुलेगा, हर प्रश्न को लेकर उद्घाटित होगा । लोगों ने बड़ी आशा और विश्वास के साथ मताधिकार का उपयोग किया है । गोली का सामना किया है, पड़ोसी को करारा जवाब दिया है । उम्मीदवार अपनी जान पर खेल गए । मतदाता अपनी जान खतरे में डाल कर वोट डालने के लिए आए । विश्व की परिस्थति पर भी इसका असर हुआ हैं । हमने जो भी सहायता का एलान किया है उस पर हम पूरा आचरण करेंगे । वहां बात-चीत करने के लिए श्री एन.एन. वोहरा की नियुक्ति की गई है । वे पुराने मंझे हुए और अनुभवी अधिकारी हैं । वे वहां सब से बात –चीत करेंगे और समस्याओं के समाधान में सहायक होंगे । डा. मनमोहन सिंह जी ने 6 हज़ार करोड़ रूपये के पैंकेज का उल्लेख किया है और मुझे याद दिलाया है कि 6 हजार करोड़ रूपये के पैकेज का आपने वहां एलान किया था । मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि 6 हजार करोड़ रूपये का वह पैकेज अपनी जगह पर कायम हैं । वह पूरा खर्चा होगा, लेकिन उसमें से अधिकांश रेलवे लाइन पर खर्च होगा, यह आप ध्यान रखिए, क्योंकि हम श्रीनगर तक रेलवे लाइन चाहते हैं । स्व. राजीव गांधी

के जमाने में भी रेलवे लाइन को आगे ले जाने का फैसला हुआ था, लेकिन कुछ कारणों से वह काम रूक गया । यह काम बड़ा महत्वपूर्ण हैं । एक बात मैंने सरकार में देखी है , चार-पांच साल हो रहे हैं, अगर काम करना है तो फिर पैसे की कमी आड़े नहीं आती, लेकिन अगर नहीं करना है तो फिर पैसा नहीं है । यह बात बिल्कुल साफ है । किसने सोचा था कि सड़कों के लिए, राजमार्गों के लिए हम इतनी भारी धनराशि इकटठी कर लेंगे । यह किसने सोचा था ? ...(व्यवधान).... लेकिन सड़के बन रही हैं।...(व्यवधान)....

उपसभापति : अभी बीच में मत बोलिए । I would be very thankfui to the Members of the House if they let the hon. Prime Minister speak. *...(Interruptions)...They* can put their questions, later on. *...(Interruptions)...*

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : रेलवे का भी विस्तार हो रहा है, केवल सड़कों का ही नहीं । जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, वहां के मुख्य मंत्री श्री मुफती जी से हम लोगों का निकट संपर्क है । पार्टी भिन्न होते हुए भी उन को विश्वास रखना चाहिए कि जहां तक जम्मू –काश्मीर का मामला है, सारा सदन और सारा देश एक है । अगर हमारे जवान जम्मू – कश्मीर लिए जान दे सकते हैं तो क्या हम छोटे – मोटे मतभेद भुलाकर इस सदन में और सदन के बाहर कंधें –से-कंधा लगाकर काम नहीं कर सकते ?

राष्ट्रपति का पहला अभिभाषण, मैं नहीं जानता उस को "maiden" कहा जाय या नहीं कहा जाय, लेकिन जो भी व्यक्ति पहली बार राष्ट्रपति बनेगा और पहला भाषण देगा, वह "maiden" भाषण तो देगा ही । कोई बासी भाषण नहीं दे सकता, ताजा भाषण देगा ।

उपसभापति : उस में इंटरप्शंस भी नहीं होते हैं ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उस में इस बात पर बल दिया गया हैं कि हमें विकास की दर को बढ़ाना हैं । "विजन2020" की बात की गयी हैं । अब कोई कह सकता है कि आप तो सपने देखते हैं । यह 8परसेंट रेट ऑफ ग्रोथ कैसे होगी ? अभी तो यह थोड़ी सी और घट गयी है, आगे भी आसार अच्छे नहीं दिखाई देते हैं । मैं मानता हूं , इस बार खेती के मोर्चे पर विफलता के कारण आर्थिक विकास की दर धीमी पड़ गयी हैं । दो साल हम सूखे का सामना करते रहे हैं और उस के बाद भी मैं जानता हूं कि और समस्याएं हैं , उन का निराकरण भी करना पड़ेगा । लेकिन देश में एक संकल्प होना चाहिए । मुख्य मंत्रियों की बैठक में भी हम ने इस पर चर्चा की , अधिकारियों से भी विचार-विमर्श किया । उस में एक स्वर निकलता था कि साहब, काम बहुत कठिन है , उन्हें तैयार किया गया कि काम कठिन है, मगर काम असंभव नहीं है । सारा देश अगर जुट जाय, राजनीतिक मतभेद, चुनाव की चिंता थोड़ी देर के लिए अगर हम ताक पर रख दें और सोचें कि राष्ट्र के विकास की दर बढ़ानी है तो 8 परसेंट विकास दर प्राप्त करना असंभव नहीं होना चाहिए । ...(व्यवधान) ... उपसभापति महोदया, " विजन 2020" में चार तरह की कनेक्टिविटी की बात कही गयी है । अब इस बारे में सवाल होता है कि कहां से और कैसे कनेक्टिविटी होगी ? पैसा कहां से आएगा ? राज्यों के पास तो धन नहीं है, राज्यों की हालत अच्छी नहीं है , यह हम सब जानते हैं। यह क्यों अच्छी नहीं है, यह एक दिन बहस का विषय हो

सकता है, लेकिन फिर भी धन तो जुटाना पड़ेगा और मैं कहना चाहता हूं कि जब हम कनेविक्टियिटी की बात करते हैं, चार क्नेक्टिविटी की बात करते हैं तो उसे भविष्य के ऊपर नहीं डालते हैं । हम यह काम इस समय कर के दिखा रहे हैं । राष्ट्रपति जी ने संकल्पना में क्नेक्टिविटी की चार बाते कही हैं – फिजिकल कनेक्टिविटी यानी अच्छे रास्ते होने चाहिए, बिजली होनी चाहिए, आवागमन होना चाहिए । यह हम अभी कर रहे हैं और तेजी से करने की जरूरत है । इस के लिए धन जुटाना होगा । टेलिकॉम तथा इटंरनेट सेवाएं – यह इलेक्ट्रानिक कनेक्टिविटी है । इसे गांव-गांव में पहुंचा रहे हैं, लोग उस का लाभ उठा रहे हैं । किसी ने सोचा भी नहीं था कि मंडी में बैठी हुई हमारी तरकारी बेचने वाली बहन सेल्युलर का बटन दबाकर....(व्यवधान).... आज का ताज़ा भाव पूछेगी.... (व्यवधान)... आज का ताज़ा भाव पूछेगी और सब से अच्छे भाव में जहां मंडी में माल बिक रहा है, वहां माल भेजगी । ....(व्यवधान)....

श्री लालू प्रसाद(बिहार): मंड़ी के साथ-साथ अयोध्या से बात कर लेगें, ये आप के साधु लोग ।...(व्यवधान)...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down *...(Interruptions)...* Please, take your seats*...(Interruptions)...*

श्री लालू प्रसाद : मंडी के साथ – साथ अयोध्या से बात कर लेगे, ये आप के साधु लोग । ...(व्यवधान)... मैडम, इनकी उपलब्धि है साधु जुटे तो एक हाथ में गांजे की चिलम और दूसरे से मोबाइल । यह तो इनकी उपलब्धि है । ...(व्यवधान)....

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: महोदया, अगर माल खेत से निकलकर मंडी में पहुंचे तो इसके लिए भी सड़क चाहिए , साधन चाहिए, परिवहन चाहिए , बिक्री –खरीद का अच्छा इंतजाम चाहिए ।

इसके आगे एक और कनेक्टिविटी है नॉलेज कनेक्विटी । यह नॉलेज का युग है । इस चर्चा के दौरान राज्यसभा में एक बहुत अच्छे मुद्े पर बहस हुई वह है सर्वशिक्षा अभियान । सरकार बंध गई है, सविंधान ने निर्देशित किया है, हर बच्चे को शिक्षा देनी होगी । भार है, सरकार को उठाना पड़ेगा । मगर , इसके साथ ही डा **अलेक्जेन्डर** जी ने कहा, वे शायद इस समय सदन में नहीं हैं ।

उपसभापति : हैं, बैठे हैं ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उन्होंने उच्च शिक्षा की बात कहीं और कहा कि उच्च शिक्षा का भी ध्यान रखा जाना चाहिए, उच्च शिक्षा का स्तर गिरना नहीं चाहिए , उच्च शिक्षा को और बढ़ाने फैलाने की, उसमें अनुसंधान करने की आवश्यकता है । दोनों बातों में सत्य है, दोनों पहलू आवश्यक हैं । अब इनमें संतुलन कैसे बैठाया जाए? यह राज्य का कर्त्तव्य हैं, यह बुद्धिजनों का दायित्व हैं । हम शिक्षा सबको देना चाहते हैं , यह सही है। लेकिन, हम उच्च शिक्षा के जो अधिष्ठान हैं, प्रतिष्ठान हैं उनकी योग्यता में , उनकी क्षमता मे भी किसी तरह की कमी नहीं आने देना चाहते । इसके लिए अध्ययन की आवश्यता है, यह एक ऐसा प्रश्न है जिस पर विचार करने की जरूरत हैं ।

महोदया, आज भारत की चारों क्षेत्रों में तस्वीर बदल रही हैं । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 7000 करोड़ रूपए की महत्वाकांक्षी योजना शुरू हुई है । ग्रामीण सड़कों का निर्माण प्रदेश सरकारों की जिम्मेदारी है, परन्तु पहली बार केन्द्र सौ प्रतिशत धनराशि मुहैया कराके राष्ट्रीय विकास की इस प्राथमिकता को पूरा कर रहा है । लगभग 7000 करोड़ रूपए राज्यों को दिए गए हैं । मुझे बताया गया है कि विभिन्न प्रदेशों के लिए 20,000 गांवों में यह काम शुरू हुआ हैं, लेकिन यह बात भी सच है कि अभी तक 1,60,000 गांव ऐसे हैं , जो अच्छी सड़को से जुड़े हुए नहीं हैं । हमने अभी तक सड़को की चिंता नहीं की, उसकी उपेक्षा हुई और उससे कितना घाटा हुआ, मैं विस्तार से उसमें जाना नहीं चाहता । लेकिन, अब हम ध्यान दे रहे हैं तो साधनों की समस्या को हल करना पड़ेगा ।

इसी तरह, महोदया, इलेक्ट्रोनिक कनेक्टिविटी में भी आज ग्रामीण भारत को तेजी से जोड़ा जा रहा है । गांव में अब टेलीफोन, मोबाइल फोन तथा इंटरनेट की सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं । वर्ष 1999 से अब तक यानि तीन सालों में ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी तीन गुना बढ़ी है । अभाव की अर्थव्यवस्था में आज भारत विपुलता की अर्थव्यवस्था में कदम रख रहा है । इसके लिए पूरे भारत की तस्वीर को एक तस्वीर का रूप देने का हमारा प्रयास है । कृषि को एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में ले जाने में कोई कठिनाई नही होना चाहिए । दिल्ली निश्चय करता है, मगर उस पर अमल नहीं होता हैं । राज्य स्वीकार कर जाते हैं । कि बिना रोकटोंक के फसल जाने देना चाहिए, उत्पादन को जाने देना चाहिए , मगर व्यवहार में कठिनाइयां खड़ी हो जाती हैं । इससे प्रगति रूकती है । 10 वीं पंचवर्षीय योजना में कनेक्टिविटी के इन चार लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पांच लाख करोड़ रूपए के निवेश का हमारा लक्ष्य है । बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 60,000 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया हैं । मैंने जीडीपी की स्थिति का उल्लेख किया । सूखें के कारण उसमें कुछ मंदी आई है । वैसे तो सारा विश्व इस समय वित्तीय और आर्थिक कठिनाइयों से ग्रस्त हैं । कृषि में विकास बहुत घटा हैं । इससे इसका अनुमान लगाया जा सकता है कि सूखे की गंभीरता कितनी है । लेकिन इस कठिन परिस्थिति मे भी उत्साहजनक पहलू हैं । हमारा निर्यात बढ़ा हैं ।

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश) : लेकिन खाद्यान्न भी नहीं देते ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : विदेशी मुद्रा का भंडार हमारे पास है ।

श्री नीलोत्पल बसु (पश्चिमी बंगाल) **:** विदेशी मुद्रा खाएंगे ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : श्री प्रणव मुखर्जी ने विकास की दर बढाने के लिए बचत प्रतिशत में वृद्धि करना जरूरी है , यह कहा । मैं उनसे सहमत हूं । किन्तु इस संबंध में भी दो विचार प्रकट होते हैं । एक तो यह दाया किया जाता है कि The Gross Domestic Savings as a proportion of GDP at current market prices increased from 23.4 per cent in 2001 to 24.0 per cent in 2001-2002. बचत कम नहीं हुई है, बढ़ी है ।

श्री नीलोत्पल बसु : बहुत वृद्धि हुई है ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अब इसको चुनौती दी जा सकती है ।

श्री नीलोत्पल बसु :बोल रहे हैं न कि बहुत वृद्धि हुई है ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : एक और धर्म संकट है, मैं यह खड़ा करना चाहता हूं ।...(व्यवधान)....

DR. ALLADI P. RAJKUMAR (Andhra Pradesh): Madam, this is very bad. When the hon. Prime Minister is replying, let him reply *...(Interruptions)...* He should not be interrupted by the hon. Member. *...(Interruptions)...*

SHRI NILOTPAL BASU: You don't have to teach us. Questions have been raised, but he has not answered *...(Interruptions)...* I am not required to learn lessons from your leader, Chandrababu Naidu *...(Interruptions)...*

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महोदया, ...(व्यवधान)....

THE DEPUTY CHAIRMAN: Both of you sit down please. *...(Interruptions)...*

SHRI NILOTPAL BASU: Dr. Rajkumar, don't teach us lessons. *...(Interruptbns)....*

DR. ALLADI P. RAJKUMAR: You have to learn lessons sometimes. *...(Interruptions)...*

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महोदया, ...(व्यवधान)....

.

THE DEPUTY CHAIRMAN Please take your senfrs. *...(Interruptions)...*

श्रीमती सरोज दुबे : ये हमारी जबान नहीं बंद कर सकते , हमें बोलने से नहीं रोक सकते । ...(व्यवधान)...

SHRI RUMANDLA RAAMACHANDRAYYA (Andhra Pradesh): Why did you take the name of our leader? *...(Interruptbns)...*

उपसभापति : मिस्टर बसु, प्लीज़ सिट डाउन । ... (व्यवधान) .... आप बैठिए । आप बैठ जाइए । ...(व्यवधीन)... मैं बैठा रही हूं आपको । प्लीज़ सिट डाउन । ...(व्यवधान) ... प्लीज़ । देखिए हमारी परम्परा हैं कि अगर लीडर आफ दि आपोजीशन भी बोलते हैं तो सब खामोशी से सुनते हैं । अब अगर प्रधान मंत्री बोल रहे हैं तो उनके भाषण को आप सुनिए, उन्हें जवाब देने दीजिए । बीच-बीच में...(व्यवधान)... एक मिनट, आप मेरी बात सुनिए । .... (व्यवधान).... Nilotpalji, When I am speaking, you are interrupting me also. *...(Interruptions)...* Let us listen *...(Interruptions)...*

SHRI NILOTPAL BASU: Who are interrupting you, Madam? *...(Interruptbns)...*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Okay. You are not interrupting me. Don't interrupt anybody. Let the speech be over. We had a discussion on the Motion of Thanks on the President's Address, and it is the duty of the hon. Prime Minister to reply. He is doing it. We have to listen to it with peace. *...(Interruptions)...*

श्री सुरेश पचौरी : मैडम, हम लोगों को बाद में पूछने का मौका मिलेगा ?

SHRI NILOTPAL BASU: He is avoiding certain issues. *...(Interruptbns)...*

उपसभापति : अभी भाषण खत्म नहीं हुआ है । Mr. Suresh Pachouri, that statement is not yet over. I am not giving any commitment. You sit down please. *...(Interruptions)...* Let me first hear the speech *...(Interruptions)...* I will not allow any more interruptions. *...(Interruptions)...*

श्री लाल प्रसाद : मैडम, ये कुछ बात बोल रहे थे , इससे तो प्रधान मंत्री को लाभ गया । बैठ गए, थोड़ा आराम भी हो गया ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महोदया , लालू जी कभी-कभी बड़ी मार्मिक बात कहते हैं । ...(व्यवधान)...

श्रीमती जमना देवी बारूपाल (राजस्थान) : महोदया,.....

उपसभापति : **अभी आप बैठिए** । ...(व्यवधान) .... बैठ जाइए ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उपसभापति महोदया, मैं यह बात कह रहा था कि बचत ज्यादा होनी चाहिए । थोड़ी वृद्धि हुई है मगर उतनी पर्याप्त नही है । लेकिन कठिनाई यह हैं कि

देश में एक और विचार –धारा चल रही हैं जो कहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा खर्च करो। लेकिन खर्च करने के लिए पहले कमाना जरूरी हैं और ईमानदारी के तरीकों से कमाना जरूरी हैं। अब खर्च बढ़ाने के लिए वह हमारे वित्त मंत्री जी का ... (व्यवधान) ...

श्री बालकवि बैरागी (मध्य प्रदेश) : आपकी बात पर राजनाथ सिंह जी हंस रहे हैं, आप देख लीजिए।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महोदया, सुख सुविधाओं वाली वस्तुओं पर कम ब्याज लिया जाता है, आवश्यक वस्तुओं पर ज्यादा ब्याज की दर ली जाती हैं। यह चर्चा का विषय रहा है और इसलिए वित्त मंत्री महोदय ने इस बजट मे कृषि , कृषि उद्योग , लद्यु उद्योग तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए ब्याज दर में कमी की है। ...(व्यवधान) ... महोदया, डा0 सिंधवी ने जिन्होंने धन्यवाद का प्रस्ताव पेश किया था अपने भाषण में इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र तथा विकास के विकेन्द्रीकरण को साथ – साथ लेकर आगे चलना चाहिए। पंचायतों को शक्ति प्रदान करने की दिशा में अब तक जो प्रगति हुई है उस पर भी डा0 सिंधवी ने प्रकाश डाला हैं। 13 वें और 14 वें संवैधानिक संशोधन के दस साल पूरे हो गए हैं। इन संशोधनों का श्रेय स्वर्गीय श्री राजीव गांधी को दिया जाता हैं। 34 लाख प्रतिनिधि चुनकर जाते हैं इस विराट देश के लिए और कठिनाईयों में फंसे हुए देश के लिए एक उल्लेखनीय सफलता हैं। इनमें से एक तिहाई महिलांए हैं। लेकिन सशक्तिकरण का उद्देश्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है क्योंकि पंचायतो के पास धन नहीं है। वित्तीय कठिनाई हैं। इस कठिनाई के कारण वे अपनी इच्छा की विकास की योजनाओं को हाथ में नहीं ले सकती, पूरा नहीं कर सकती । इस पर चर्चा हुई है तथा एक सम्मेलन भी हुआ था। श्री वेंकैया नायडु उस समय अध्यक्ष थे, उन्होंने सम्मेलन का आयोजन किया था सर्वानुसार से यह तय हुआ कि आर्थिक और प्रशासनिक सशक्तिकरण किया जाए। इसके लिए सविंधान में संशोधन की आवश्यकता होगी। सरकार उसके लिए तैयार है, हम सब दलों का उसमें समर्थन चाहते हैं , आपका सहयोग चाहते है , पंचायतों की वित्तीय और प्राशासनिक अधिकार देने की बात है। लेकिन चुनकर भेज देना काफी नहीं हैं , कठिनाईयां होंगी जो ऊपर चुनकर गया है उससे मुठभेड़ भी होगी। लेकिन रास्ता निकालना पड़ेगा । हम पंचायतों का निर्माण करें और उन्हें बिल्कुल साधन-विहीन छोड़ दें तो भी निराशा बढ़ेगी और जो सपना राजीव गांधी ने देखा था और उनके साथ हमने देखा था वह पूरा नहीं होगा। अगर सुझाव स्वीकार हो तो हम इस सत्र में एक संयुक्त अधिवेशन इस सवाल पर बुला सकते हैं और संविधान में आवश्यक संशोधन कर सकते हैं। डा. मनमोहन सिंह ने एक बड़ी महत्वपूर्ण समस्या पर ध्यान खींचा है। कई राज्यों में विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों में ऐसी शक्तियां जोर पकड़ रही हैं , जो हिंसा में विश्वास करती हैं, जो विध्वंस में विश्वास करती हैं और जो हथियार लेकर गणतंत्र से लड़ने की तैयारी करते हैं ।उनका मुकाबला किया जा रहा है। लेकिन राज्यों के सीमित साधन है,उन साधनों को बढ़ाने की भी कोशिश होती है। राज्यों के संबंध में सम्मेलन भी हुए हैं। नेपाल से लेकर आंध्र तक एक ऐसी रेखा खींचा जा सकती है जिसमें कई प्रदेशों के क्षेत्र समाविष्ट होते हैं जो उद्वग्नि है,आंदोलित हैं और हिंसात्मक आंदोलन की ओर प्रेरित हो रहे हैं। पुलिस को मुठभेड़ में मारा जाता है। उन पुलिसवालों के घर वालों का क्या होगा? उन पुलिस वालों को तो हम उतनी सुविधांए भी नहीं दे पाते हैं जितनी कि अन्य पुलिस दलों के लोगों को मिलती हैं। लेकिन मामला केवल पुलिस का नहीं है। इसके लिए सब मिलकर

बैठें , विचार करें , इसकी आवश्यकता है । पडौसी नेपाल में क्या हुआ, क्या हो रहा है ? हमारे लिए चेतावनी है । देश के भीतर हिंसा बढ़े, हथियार लेकर चलने की प्रवृति को बढ़ावा मिले और येंन – केन-प्रकारेण सत्ता हथिया ली जाए, इस तरह की हवा बने, तो यह देश की शांति के लिए ठीक नहीं है, देश के भविष्य के लिए ठीक नहीं है , इस पर सारे सदन को , सारे देश को गंभीरता से विचार करना होगा । मामला केवल पुलिस का नहीं हैं यह भी देखना होगा कि उन क्षेत्रों में विकास की रफ्तार क्या है।क्या मे आदिवासी क्षेत्र और पिछड़ गये हैं? और क्या सशस्त्र संधर्ष के कारण उनके विकास में और कठिनाइयां पैदा हो गई हैं ? उनके लिए विकास का कौन सा ढांचा तैयार किया जाय । इस पर विचार करने की आवश्यकता है । मैं डा. मनमोहन सिंह जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होनें इस समस्या की ओर सारे सदन का ध्यान खींचा है ।

राष्ट्रपति जी के भाषण में अयोध्या का भी उल्लेख हैं । यह पहली बार नहीं है । पिछले साल भी जो राष्ट्रपति का अभिभाषण हुआ था , उसमें अयोध्या का उल्लेख था प्रारम्भ से हमारी भूमिका रही है कि विवाद बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है , इसको हल किया जाना चहिए । हल करने के दो ही तरीके हैं । आपस की बातचीत से हल किया जाए, सद्भावना से हल किया जाना चाहिए और दूसरा रास्ता यह है कि अदालत का फैसला माना जाए । अदालत में देर लगती है यह बात सच हैं । यहां बड़े-बड़ें वकील बैठे हैं वे कोई ऐसा रास्ता बतायें जिससे जल्दी में सुनवाई हो सके, फैसला हो सके , अपराधियों को दंड दिया जा सके या ऐसा फैसला हो उसको खोल दिया जाए । वह भी समझ में आ सकता है । लेकिन देर लगती हैं । इसीलिए केन्द्र सरकार कोर्ट मे गई , सुप्रीम कोर्ट में गई । जो ज़मीन का मामला है, जो अविवादित ज़मीन है, इसके बारे में कोर्ट ने पहले भी फैसला दे दिया है । आप उसको जल्दी से तय कर दीजिए । ....(व्यवधान)....

श्री नीलोत्पल बसु: फैसला नहीं होने से कैसे होगा? ...(व्यवधान)....

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : यह किसी राजनैतिक उद्देश्य से नहीं किया गया ...(व्यवधान)...

श्री नीलोत्पल बसु: फैसला नहीं होने से संभव नहीं होगा । ...(व्यवधान)...

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अब तारीख तय हो गयी है । ...(व्यवधान)...

श्री नीलोप्पल बसु: सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है । ....(व्यवधान)....पार्लियामेंट का कानून चैलेज हुआ हैं । सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया । ...(व्यवधान)....

SHRI HANSRAJ BHARDWAJ (Madhya Pradesh): Madam, it is totally politically motivated; this is not fair. *...(Interruptions)...* It is unfortunate that you are guided by certain communal forces in the BJP. *...(Interruptions)...* You are cowed down by these forces. These communal forces are misleading you. *...(Interruptbns)...*

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महोदया, तारीख तय हो गयी है । उस तारीख की हम प्रतीक्षा करे । ...(व्यवधान).... अपने अपने पक्ष को रखें । ...(व्यवधान)...

श्री कपिल सिब्बल (बिहार) : उसको केन्द्र सरकार ने सपोर्ट किया है । ...(व्यवधान)...

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : हम इंतजार करें । इस सवाल को लेकर साम्प्रदायिकता भड़के , इसका कोई कारण नहीं है । ...(व्यवधान) ....

श्री नीलोत्पल बसु : वी.एच.पी. को समझाइए । ...(व्यवधान).... वे तो त्रिशूल का बंटवारा कर रहे हैं । वे तो देश में त्रिशूल बांट रहे हैं । ...(व्यवधान)...

श्री एस.एस.अहलुवालिया (झारखंड) : मैडम, यह क्या है ? यह भी जरा समझ लो । ...(व्यवधान)... ऐसे ही खड़े हो जाते हैं । ...(व्यवधान)....

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : जब यहीं हम ठीक तरह से चर्चा नहीं कर पा रहे तो बाहर क्या होगा ?

श्री नीलोत्पल बसु : तोगड़िया जहां पर है । ...(व्यवधान) ...

THE DEPUTY CHAIRMAN : Order, please. *...(Interruptbns)...*

श्री कपिल सिब्बल : बाहर क्या हो रहा है , हम देख रहे हैं । ...(व्यवधान)...

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अगर कोई व्यक्ति मर्यादा का उल्लंघन करता हैं, सीमा लांघता है तो उसके लिए कानून है । ...(व्यवधान) ....

श्री कपिल सिब्बलः त्रिशूल बांटता है ...(व्यवधान)....

श्री शाहिद सिद्दकी (उत्तर प्रदेश): सबके लिए कानून होना चहिए । तोगड़िया के लिए भी कानून होना चहिए ।...(व्यवधान)...

THE DEPUTY CHAIRMAN : Order, please. *...(Interruptions)...* आप बैठिए । बैठ जाइए ।

प्रो . राम देव भंडारी (बिहार) : तोगडिया को ...(व्यवधान)....

THE DEPUTY CHAIRMAN : Order. Please take your seats. Take your seats. *...(Interruptions)...* Please -take your seats. Sit down. *...(Interruptions)...* Sit down. *...(Interruptions)...* बैठिए । बैठ जाइए । ...(व्यवधान) ....

अहलुवालिया जी, आप भी बैठ जाइए ।

SHRI JANARDHANA POOJARY (Karnataka): Find out how he has killed all the Muslims. *...(Interruptions)...* It is his statement that he is going to remove Islam from the country. *...(Interruptions)...*

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी (मध्य प्रदेश): नफरत पैदा करने वालों को ....(व्यवधान)....

SHRI JANARDHANA POOJARY : That is his statement. You kindly read it. *...(Interruptions)...*

THE DEPUTY CHAIRMAN : Please take your seat, Mr. Poojary. *...(Interruptbns)...*

SHRI JANARDHANA POOJARY : He has admitted he has killed. *...(Interruptbns)...* This is the statement of *...(Interruptbns)...*

THE DEPUTY CHAIRMAN : Please take your seat, Mr. Poojary.

SHRI JANARDHANA POOJARY : Tell us what action, as the Prime Minister, you have taken. *...(Interruptbns)...*

THE DEPUTY CHAIRMAN Please take your seat. *...(Interruptbns)...*

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : यह क्या कह रहे हैं ? ....(व्यवधान)....

THE DEPUTY CHAIRMAN : Just one minute. Please take your seats. *...(Interruptbns)...*

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैंने यील्ड नहीं किया है।...(व्यवधान)...

उपसभापति : बैठिए । आप बैठ जाइए । I want to tell the Members that we Have 494 amendments. *...(Interruptbns)...* No, I am not allowing it. *...(Interruptbns)...* There are 494 amendments. *...(Interruptbns)...* Please sit down. There are 494 amendments which have to be voted and cleared. If you are not willing to listen to him, and only interrupt then we will have to sit in the lunch hour. *...(Interruptbns)...*

श्री खान गुफरान ज़ाहिदी (**उत्तर प्रदेश**) **:** हम यह कह रहे हैं कि **...**(व्यवधान)**....**

उपसभापति: आप यह क्या कर रहे हैं ? यह इंटरप्शन नहीं तो क्या हैं ? **...**(व्यवधान)**....**

श्री खान गुफरान ज़ाहिवी: हम सवाल पूछ रहे हैं ।

उपसभापति : वही इंटरप्शन होता है । भाषण के बीच में बोलना इंटरप्शन ही होता है । Please sit down. Take your seats. *...(Interruptions)...* Please take your seats. *...(Interruption)...* Please take your seat. *...(Interruptions)...*

SHRI JI BON ROY (West Bengal): The Government should be able to control uncivilised elements in the BJP. *...(Interruptions)...*

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी **:** मैडम , हम प्रधानमंत्री जी की कद्र करते हैं मगर जो लोग सद्भावना तोड़ते हैं ,उनके खिलाफ आप क्या कार्यवाही करेंगे ? **...**(व्यवधान)**....**

उपसभापति : प्लीज़ आप बैठिए । Don't do this.

SHRI EDUARDO FALEIRO (Goa): Is Mr. Togadia not a terrorist? *...(Interruptions)...*

THE DEPUTY CHAIRMAN : Order. *...(Interruptions)...*बैठिए । प्लीज़ बैठिए । I Let us finish. Don't do this; otherwise, you will have to sit through 494 amendments. I am just telling you ..... *(Interruptions)...* Please let me finish.

प्रो .सैफुद्दीन सोज (**जम्मू और कश्मीर**) **:** मैडम**...**(व्यवधान)**...**

उपसभापति: सोज साहब, आप बैठिए । **....**(व्यवधान)**....** please sit down. ... *(Interruptions)...*

श्री के. रहमान खान (**कर्नाटक**) **:** मैडम, **...**(व्यवधान)**...**

उपसभापति : रहमान साहब, आप भी बैठिए ।

SHRF JIBON ROY : The Prime Minister is too weak to control some uncivilised elements in his party. Unless they are controlled, nothing will happen.

THE DEPUTY CHAIRMAN Nothing is going, on record. *...(Interruptions)...*

Dr. ABRAR AHMED (Rajasthan) :

THE DEPUTY CHAIRMAN : Mr. Abrar Ahmed, how many times I should tell you? *...(Interruptions)...* Please don't get up. This is known as interruption.

श्री जीवन राय:*

SHRI NILOTPAL BASU :*

SHRI EDUARDO FALEIRO :*

THE DEPUTY CHAIRMAN : Order. *...(Interruptions)...* Please sit down. What is this happening to the House when the Prime Minister is replying? You wanted him to reply, and whatever he is replying, it is his reply; it is not your reply. What he replies, he replies. So, please listen to him. *...(Interruptions)...* Just listen *...(Interruptions)...*

SHRI JIBON ROY : We are bringing out *here...(Interruptions)...*

THE DEPUTY CHAIRMAN :बैठ जाइए, Please, sit down. *...(Interruptions)...* बैठिए.....पी .एम. साहब बोलिए । अब कोई आवाज़ नहीं करेगा ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : राष्ट्रपति जी के अभिभाषण मे जो कहा गया है, उसी को मैं दोहरा रहा हूं । मैं कोई अनहोनी बात नहीं कह रहा हूं । राष्ट्रपति महोदय ने अपने भाषण में कहा था कि मेरी सरकार ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि अयोध्या विवाद को या तो दोनों समुदायों के मध्य वार्ता द्वारा सुलझाया जा सकता है अथवा न्यायपालिका के निर्णय द्वारा, जिसे सभी संबधितों को मानना होगा । ...(व्यवधान)...

कुछ माननीय सदस्य : मानना होगा ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : न्यायपालिका को ...(व्यवधान)... और सुनिए ...(व्यवधान)... सुनते जाइए । मुझे बोलने का अवसर दिया गया है । ...(व्यवधान)....

Not recorded.

SHRI RAJU PARMAR (Gujarat) : Once you have said. ... *(Interruptions)...*

SHRI JIBON ROY : The Prime Minister is *...(Interruptbns)...*

THE DEPUTY CHAIRMAN : Please, sit down *...(Interruptions)...* बैठ जाइए । ...(व्यवधान)... सोज़ साहब यह आपको शोभा नहीं देता, आप बहुत सीनियर मैम्बर हैं ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महोदय, मैं अपने बोलने के अधिकार का आपसे संरक्षण चाहता हूं । इस सदन में मुझे बोलने का अधिकार है या नहीं ?

उपासभापति : आपको अधिकार है ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अगर ये इसी तरह से शोरगुल मचाते रहें तो ...(व्यवधान)...

जीवन राय : दो-दो आदमियों को प्राइम मिनिस्टर बना दीजिए । ...(व्यवधान)....

प्रो. राम देव भंडारी : सरकार की कथनी और करनी में बहुत फर्क है । ...(व्यवधान)...

उपसभापतिः देखिए , आपको भी यह शोभा नहीं देता और किसी को भी शोभा नहीं देता कि जब आपका समय आइडेंटिफाई नहीं किया गया है तब आप बोलें । प्रधानमंत्री जी को अपना भाषण खत्म करने दीजिए । मैंने आपको कहा है कि 494 अमेंडामेंट्स हैं and I will sit through all the amendments, to vote or to move. So, please be quiet. Let him finish his speech. *...(Interruptbns)...* Shri Abrar Ahmed, what is this? बैठिए , अभी मैंने आपको कहा कि बैठ जाइए । इसका मतलब यह नहीं है कि आप फौरन खड़े हो जांएगे and I did not tell you to get up. So, please sit down and listen. Mr. Togadia is not a Member of this House. So, I am not going to mention anything on him. *...(Interruptbns)...* I have to appeal to you first *...(Interruptbns)...* All those people who are not Members of the House should not be mentioned. *...(Interruptions)...* चलिए, बैठ जाइए । ...(व्यवधान) .... प्रधानमंत्री जी बोलिए ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महोदया, मैं दूसरे मुद्दे पर आना चाहता हूं । ...(व्यवधान)....

THE DEPUTY CHAIRMAN : No comments are needed, please. When Mr. Manmohan Singh was speaking, nobody interrupted. Why can't you just sit and listen to the speech? Do you believe in democracy or not?

...(Interruptions)... प्रधान मंत्री जी बोलिए ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महोदया, हम लोग लोकतंत्र में विश्वास करते हैं इसलिए चुप बैठते हैं । महोदया मैं एक और मुद्दा उठाना चाहता हूं और वह मुद्दा है महिलाओं के आरक्षण का ।

उपसभापति : अब तो सून लीजिए , आरक्षण हो रहा है या नहीं हो रहा है ?

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अधिकांश पार्टियां इससे प्रतिबद्ध हैं कि महिलाओं को प्रतिनिधित्त मिले संसद में , विधान मंडल में । इससे ...(व्यवधान)....

श्रीमती सरोज दुबे : महोदया .....

उपसभापति : अच्छा , अब आप क्यों बोल रही हैं ? बैठिए । उन्हें बोलने दीजिए । ...(व्यवधान).... अगर आप इस तरह से बैठिए, बैठ जाइए । ...(व्यवधान)... आप बैठिए । देखिए , महिलाओं के आरक्षण की बात है । अगर महिलाएं इस पर शोर मचाएंगी तो फिर बाहर लोग कहेगे कि इतनी महिलाएं थीं तो इतना शोर मच रहा है , इनको मत दो । ...(व्यवधान).... अपनी कास्ट को खराब मत करिए । शांति से सुनिए, अपने कास्ट को मत बिगाड़िए । ...(व्यवधान)... बोलिए प्रधानमंत्री साहब । ...(व्यवधान)... आप दे रहे हैं सजेशन्स ...(व्यवधान)....

श्री लालू प्रसाद: माननीय प्रधानमंत्री तो महिला विरोधी हैं, आज तक इन्होंने शादी नहीं की है । ....(व्यवधान)..

उपसभापति : लालू जी, यह तो मालूम है कि आप महिलाओं के हित में हैं , तभी तो आपने यहां महिला को मुख्य मंत्री बना दिया है । ....(व्यवधान)....

श्री लालू प्रसाद : शाहजहां ने तो बेगम के मरने के बाद ताजमहल बनाया था , हमने अपनी बीवी के जीते जी ताजमहल बना दिया है । ...(व्यवधान) ...

श्री अटल बिहारी वाजपेयी :महोदया, मुझे विश्वास है कि महिला आरक्षण के बारे में एक सर्वानुमति होगी और इसी सत्र मे एक राय बन जाए, विधेयक पेश हो जाए और हम यहां से महिला आरक्षण का निर्णय करके वापस जाएं ...(व्यवधान)... धन्यवाद ।

उपसभापति : अभी हो गया है । ...(व्यवधान)... आप लोग बैठ जाइए । ...(व्यवधान)... अभी महिला आरक्षण की बात पर सब लोग तैयार हैं ,फिर क्या झगड़ा है ? ...(व्यवधान)... कोई जरूरी नहीं है कि हम ज़ोर से बोलें ।...(व्यवधान) ... I am not allowing. *...(Interruptions)...* Nothing is allowed. *...(Interruptions)... No...(Interruptions),..* अभी महिलाओं के आरक्षण की बात हो रही है , आप उसको बिगाड़िए मत । ...(व्यवधान) ...Don't destroy the Women's Bill. *...(Interruptions)...*Please sit down. हो गया गंभीर मामला । बैठ जाइए । बैठिए, बैठिए ।....(व्यवधान) .... महिलाओं का आरक्षण भी गंभीर है , बैठ

1.00 p.m.

जाइए । बैठ जाइए । आप बैठेंगे तो वे बोलेंगे । बैठ जाइए ।*...(Interruptions)...* No *...(Interruptions)...* I am not allowing anything now. *..{Interruptions)...* No *...(Interruptions)...* Okay. *...(Interruptions)...* All right. *..{Interruptions)...* I heard it. *...(Interruptions)...* I am not allowing. *...(Interruptions)...* Please sit down. *...(Interruptions)...* Please sit down. *...(Interruptions)...* Mr. Pachouri, I am not allowing. *...(Interruptions)...* I am not allowing anything. *..{Interruptions)...* Please sit down. *...(Interruptions)...* Please sit down. *...(Interruptions)...* Mr.Suresh Pachouri, please sit down. *...(Interrupttons)...* Please sit down. *...(Interruptions)...* I am not allowing. *..{Interruptions)...* No. *..{Interruptions)...* Don't shout. *...(Interruptions)...* Don't - shout. *..{Interruptions)...* Mr. Pachouri, don't raise your voice. *..{irnerruplions)...* I think you know it very well. *..{Interruptions)...* Please ait down. *. {Interruptions)...* Please sit down. *...(Interruptions)...*

SHRI ARJUN SINGH (Madhya Pradesh) : Madam, I would like to know whether his speech is over. *...(Interruptions)...*

THE DEPUTY CHAIRMAN : Yes, his speech is over, I am told. *..{Interruptions)...*

SHRI ARJUN SINGH : Then we have a right to seek certain clarifications. *.. .(Interruptions)...*

SHRI C. RAMACHANDRAIAH (Andhra Pradesh) : Madam, then we should be permitted to seek some clarifications. *..{Interruptions)...*

THE DEPUTY CHAIRMAN : Mr. Prime Minister, is your speech over? *...(Interruptions)...* मुझे सुनने दीजिए ...(व्यवधान)... I can't hear him. *..(Interruptions)...* Let me hear,, him. *...(Interruptions)...* अच्छा आप एक मिनट बैठेंगे ? यह जानने दीजिए कि यह भाषण खत्म हो गया या नहीं हुआ ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महोदया, मैं और भी कुछ मझे उठाना चाहता था । ....(व्यवधान)... लेकिन अगर मुझे बोलने नहीं दिया जाएगा तो मैं कैसें बोलूंगा ?

उपसभापति : बोलने दीजिए । ऐसा मत करिए । Don't interrupt,please.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: जिन प्रश्नों को माननीय सदस्यों ने उठाया है उनमें अभाव के कारण उत्पन्न स्थिति भी है । अन्न का अभाव है । राजस्थान की स्थिति विकराल है । सबसे आधिक बुरी है और इसलिए हमने राजस्थान को सबसे अधिक धन दिया है ।

श्री सुरेश पचौरी : जितना मांगा है, उतना नहीं दिया है, प्रधानमंत्री जी ने ।

उपसभापति : सुनिए ...(व्यवधान)... सुरेश पचौरी जी बैठिए ...(व्यवधान)....Let him speak. That is not the way. It is unbecoming of you, at least.

श्री सुरेश पचौरी : यह मेरा अधिकार है ...(व्यवधान)...

उपसभापति : बैठिए, बैठिए ...(व्यवधान)... Let him complete. This is not done in this House.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उपसभापति जी, यह आंकड़ों का सवाल है, तथ्यों को देखा जा सकता है...(व्यवधान)... जो माननीय सदस्य राजस्थान में रूचि रखते हैं , राजस्थान की व्यथा से पीड़ित हैं , वे मुझसे मिल लें । मैं उनकी बैठक अलग कर लूंगा । मैं राजस्थान की सरकार के प्रतिनिधियों को भी बुलाने के लिए तैयार हूं ...(व्यवधान)...

श्री संतोष बागड़ोदिया (राजस्थान) : ठीक है , आप समय दीजिए ...(व्यवधान)...

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : हम बैठकर यह मामला तय कर लें अभी नई फसल आने वाली हैं । उसके बाद भी जिन प्रदेशों में सूखा रहेगा वहां विकट स्थिति बनने वाली हैं । पीने के पानी का संकट पैदा होगा । चारे की कमी है अभी । इस सदन को इस मामले पर गंभीरता से विचार करना पड़ेगा लेकिन प्राथमिकताएं आप तय कर लीजिए । हम राजस्थान पर अलग से चर्चा के लिए तैयार हैं या पूरे सूखे के सवाल पर चर्चा के लिए तैयार हैं ...(व्यवधान)...

THE DEPUTY CHAIRMAN : Mr. Prime Minister, we had a discussion on *sookha* in this House in this Session itself. And I tell you that there was a *sookha* in this House also as there were very, few Members present.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH : Madam, the discussion took place in the last Session. *...(Interruptions)...*

THE DEPUTY CHAIRMAN : No, no. The discussion took place in this Session itself.

उपसभापति : आप बैठिए, आप बैठिए ...(व्यवधान)...

